आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 20.05.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- उप–राज्यपाल ने थाईलैंड की वाणिज्य दूत और चेन्नई में थाई व्यापार केंद्र के निदेशक के साथ आथित्य से जुड़ी परियोजनाओं में निवेश पर चर्चा की।
- राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत, एकीकृत फसल कटाई–पश्चात प्रबंधन परियोजना में किसानों और उद्यमियों को सब्सिडी प्रदान की जाएगी।
- पुलिस विभाग की ओर से निकोबार ज़िले में पांच किलोवाट हाईब्रिड सोलर पावर सिस्टम का उद्‌घाटन।
- श्रीकाकुलम में FIDE रेटेड ओपन शतरंज टूर्नामेंट में द्वीपसमूह का शानदार प्रदर्शन।

<><><><><><><>

कोलकाता में थाईलैंड की महावाणिज्य दूत सिरिपोर्न तांतिपन्याथेप और चेन्नई में थाई व्यापार केंद्र के निदेशक चेक जीनाफान ने कल लोक निवास में उपराज्यपाल से भेंट की। इस दौरान मत्स्य पालन और पर्यटन के क्षेत्रों में आपसी सहयोग के अवसरों, सीधी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संभावनाओं और प्रशासन द्वारा खोले जा रहे विभिन्न क्षेत्रों—विशेष रूप से लक्जरी रिसॉर्ट्स, गोल्फ कोर्स और आतिथ्य से जुड़ी बड़ी परियोजनाओं में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की गई।

उधर, आईएनएचएस धन्वंतरि, के कमांडिंग ऑफिसर, सर्ज कैप्टन अनुज सिंघल ने अपने स्थानांतरण के अवसर पर कल लोक निवास में उपराज्यपाल, सेवानिवृत्त एडमिरल डी.के. जोशी से विदाई भेंट की।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार वाणिज्य एवं उद्योग परिसंघ ने हाल ही में कोलकाता स्थित रॉयल थाई वाणिज्य दूतावास के साथ बैठक की। बैठक के दौरान, थाईलैंड और द्वीप समूह के बीच हवाई और समुद्री, दोनों मार्गों से कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई, ताकि पर्यटन, व्यापार, निवेश और लोगों के आपसी मेलजोल को बढ़ावा दिया जा सके।

साथ ही, प्रशासन और फुकेत सरकार के बीच हुए 'ट्विन सिटी समझौते' को भी पुनर्जीवित करने पर जोर दिया गया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत, एकीकृत फसल कटाई–पश्चात प्रबंधन परियोजना में किसानों और उद्यमियों को सब्सिडी प्रदान की जाएगी। योजना के अंतर्गत, बागवानी उत्पादों की हैंडलिंग, पैकेजिंग, ग्रेडिंग, परिवहन, क्योरिंग और पकाने, अल्पकालिक भंडारण और दीर्घकालिक भंडारण जैसी गतिविधियों के लिए सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस परियोजना में प्री–कूलिंग यूनिट, ऑन–फार्म पैक हाउस, मोबाइल प्री–कूलिंग यूनिट, स्टेजिंग कोल्ड रूम, नियंत्रित वातावरण सुविधाओं के साथ या उनके बिना कोल्ड स्टोरेज यूनिट, रेफ्रिजरेटेड वैन/कंटेनर और प्राथमिक/मोबाइल प्रसंस्करण यूनिट की स्थापना शामिल है। पात्र लाभार्थियों को परियोजना लागत पर पचास प्रतिशत तक क्रेडिट लिक्ड बैंक एंडेड सब्सिडी दी जाएगी। इस योजना का लाभ व्यक्तिगत उद्यमियों, सहकारी समितियों, किसान उत्पादक संगठनों और स्वयं सहायता समूहों को मिलेगा। योजना के तहत विभिन्न श्रेणियों में अधिकतम बारह लाख पचास हजार रूपए से लेकर अस्सी लाख रूपए तक के सहायता का प्रावधान है। वहीं कोल्ड स्टोरेज परियोजनाओं के लिए शंका के आधार पर अलग–अलग दरों से सब्सिडी दी जाएगी। इच्छुक लाभार्थी कृषि विभाग से संपर्क करके आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं, अधिक जानकारी के लिए कृषि निदेशालय से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली, द्वारा समग्र क्षेत्रीय केंद्र में प्रधानमंत्री दिव्यांगता केंद्र योजना लागू की जा रही है। इस संबंध में, पात्र दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण प्रदान किए जा रहे हैं। इन सहायक उपकरणों का उद्देश्य दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों की गतिशीलता, पहुंच, संचार, शिक्षा और दैनिक जीवन को बेहतर बनाने में सहायता करना है। पात्र लाभार्थी, निर्धारित आवेदन पत्र और संबंधित सहायक दस्तावेजों को जमा कर, आवश्यक सहायक उपकरणों के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र, सामाजिक कल्याण निदेशालय, अंडमान और निकोबार प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, ये आवेदन पत्र PMDK, CDPO मुख्य सेविकाओं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से भी, सभी कार्य दिवसों में प्राप्त किए जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए सामाजिक कल्याण निदेशालय से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार पुलिस ने निकोबार सतत विकास और दूरदराज इलाकों में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, जिले के चार दूरदराज के पुलिस आउट पोस्ट – सवाई, चौरा, मकाचुआ और अफरा बे में 5 KW हाइब्रिड सोलर पावर सिस्टम लगाए हैं। इसका उद्घाटन पुलिस महानिदेशक, हरगोबिंदर सिंह धालीवाल ने किया। पुलिस विभाग ने, द्वीप समूह के पुलिस महानिदेशक के मार्गदर्शन में, प्राइस वॉटरहाउस कूपर्स इंडिया फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। यह समझौता ज्ञापन कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पहल के तहत, पहचाने गए चार आउटपोस्ट पर हाइब्रिड सोलर पावर सिस्टम लगाने के लिए किया गया था। सोलर पैनल अब वे पूरी तरह से काम कर रहे हैं। इस पहल से खराब मौसम में भी बिजली की लगातार आपूर्ति होती है।

<><><><><><><>

आंध्रप्रदेश स्थित श्रीकाकुलम में FIDE रेटेड ओपन शतरंज टूर्नामेंट का कल समापन हो गया। जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 330 खिलाड़ियों ने भाग लिया। द्वीप समूह के खिलाड़ियों ने इस टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया। विग्नेश बी ने अंडर–09 लड़कों की श्रेणी में तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि तृषा बी ने सर्वश्रेष्ठ महिला श्रेणी में चौथा स्थान प्राप्त किया। भविष्य एस और हिमांशी के ने क्रमशः अंडर–13 और अंडर–09 लड़कियों की श्रेणियों में पांचवां स्थान हासिल किया। समापन समारोह के दौरान पुरस्कार विजेताओं को ट्रॉफियां और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िले के विभिन्न क्षेत्रों में कृषि भूमि पर अवैध गतिविधियों के मामले सामने आए हैं। इन मामलों में कृषि भूमि के विकास के नाम पर, बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई और जमीन को समतल किया जा रहा हैं। जो पूरी तरह से अवैध है। ऐसे उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है, और द्वीप समूह भूमि राजस्व और भूमि सुधार विनियमन, 1966 की धारा 151 तथा अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं। साथ ही सभी व्यक्तियों और भूमि डेवलपर्स को चेतावनी दी गई है कि वे ऐसी अवैध गतिविधियों से दूर रहें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी जिसमें उन्हें जमीन से बेदखल करना और उनके किरायेदारी अधिकारों को समाप्त करना शामिल है। प्रशासन ने आम जनता को सलाह दी है किसी भी जमीन की खरीद–बिक्री से पहले संबंधित बातचीत राजस्व अधिकारियों से उनकी वास्तविक और कानूनी स्थिति की पुष्टि अवश्य करें।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद् ने फोरशॉर रोड, फिनिक्स–बे से चाथम, मेगापोड जंक्शन के पास स्थित भवन में रेस्टोरेंट संचालन के लिए ई निविदा जारी किया है। इच्छुक प्रतिभागी ई प्रॉक्योरेमेंट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। निविदा से जुड़े नियम और शर्तें वेबसाइट पर उपलब्ध है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि पांच जून दोपहर तीन बजे निर्धारित की गई है। इसके बाद उसी दिन शाम चार बजे तकनीकी बोली खोली जाएगी।

<><><><><><><>

कार निकोबार में मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के तहत आई सी डी एस ट्राइबल प्रोजेक्ट की ओर से प्रोजेक्ट असिस्टेंट के एक पद के लिए संविदा आधार पर स्थानीय उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए है। उम्मीदवारों को प्रतिमाह अट्ठारह हजार रूपए का मानदेय दिया जाएगा। उम्मीदवारों का स्नातक अथवा प्रबंधन सामाजिक विज्ञान या पोषण विषय में पोस्ट ग्रेजुऐट डिप्लोमा होना आवश्यक है। अधिक जानकारी विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

<><><><><><><>